GCMS No: 2025/78

FORM NO -III

अज अदालत कलक्टर, **मुकाम** नागौर

प्रार्थी

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लि0 क्षेत्रीय कार्यालय तृतीय तल, जे.एस.ई.एल.बिल्डिंग,मालवीय नगर,जयपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी

बनाम

अप्रार्थीगण

1. मैसर्स श्री बालाजी ट्रेडर्स प्रोपराईटर कालूराम (ऋणी) पता श्री बालाजी ट्रेडर्स,थान्वाला,नागौर दूसरा पत्ता पुत्र पूनाराम वार्ड नंम्बर–18 थान्वाला, नागौर पता–3–श्री बालाजी ट्रेडर्स, विलेज–देवगढ़,थान्वाला
2. शन्ति देवी पत्नी पूनाराम(सह ऋणी,गारंटर,मोर्ट–गेजर) पता नं1–वार्ड नंबर–09,थान्वाला,नागौर पता नं0–पट्टा नम्बर24,विलेज थान्वाला,पता नम्बर रेजिडेशियल प्रॉपर्टी वाइड विथ पट्टा नंबर 24,बुक नं0–2 विलेज–थान्वाला
3. कालूराम अलियास कालूराम पूनाराम (गारंटर) पता नं0–1 वार्ड नं0 09, थान्वाला, नागौर,पत्ता नम्बर 2,पट्टा नंबर 24,विलेज,थान्वाला ग्राम पंचायत रियावरी,नागौर

किस्म मुकदमा –सिक्योरिटाईजेशन एक्ट 2002 **संख्या** 70 **सन् 2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
1-4-25	वकील प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत बंधक संम्पत्ति का अप्रार्थी से कब्जा लेकर प्रार्थी को सुपुर्द करने के आदेश प्रदान करने बाबत प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। पत्रावली का अलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण के प्रार्थना–पत्र में गैर सायल के पत्ते में ग्राम थान्वाला अंकित किया हैं तथा प्रोपर्टी विवरण में भी ग्राम थान्वाला अंकित किया हैं,जबकि पंचायत समति,रियांबड़ी में ग्राम थान्वाला कोई नहीं हैं। द्वितिय में इस प्रकरण में प्रोपर्टी जिसका कब्जा लिये जाने हेतु पुलिस जाब्ता की मांग की गई हैं,वह प्रोपर्टी शान्तिदेवी पत्नी पुनाराम के नाम दर्ज हैं,जबकि ऋण आवेदन में केवल मात्र अगुष्ठा निशान स्याहा से लगाया हुआ हैं,यह अगुष्ठा निशान किस व्यक्ति का हैं अंकन नहीं हैं। इस प्रकार पत्रावली में विधिक आदेश पारित करने से पूर्व इन सभी प्रश्नों की पूर्ति आवश्यक हैं,जो इस प्रकरण में पूर्ति नहीं होने से प्रार्थना–पत्र प्रार्थी का खारिज योग्य होने से खारिज किया जाता हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद जाब्ता कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो। (अरूण कुमार पुरोहित) **जिला कलक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट, नागौर**	